Bareilly Sunday
2 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

एयरफोर्स को 12 रन्स से दी मात

बारिश से टला एसआरएमएस और गंगाशील का मैच, अब मंडे को खेला जाएगा

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 April): श्रीरामभूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन आर्मी मस्टेलियंस ने एयरफोर्स को 12 रन से हराया. फ्राइडे रात हुई बारिश से एसआरएमएस और गंगाशील के बीच होने वाला मैच नहीं खेला गया, जोकि मंडे को खेला जाएगा. इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित स्टेडियम में आर्मी मस्टेलियंस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए. इसमें कमान कृष्णा यादव (29 गेंदों पर 38 रन), अभिषेक प्रताप (27 गेंदों पर 24 रन), रविंदर परिहार (7 गेंदों पर 12 रन), धीरेंद्र यादव (12 गेंदों पर 24 रन), शुभ अग्रवाल (9 गेंदों पर 14 रन) ने आक्रामक पारी खेली. एयरफोर्स के गेंदबाज क्रांति ने 3 विकेट, डा.डीके ने 2, नीलेश और अन्नू ने एक-एक विकेट हासिल किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी एयरफोर्स के खिलाड़ियों ने सावधानी से खेल आरंभ किया.

मैच में प्लेयर्स ने दिखाया दम.

धीरेन्द्र बने मैन ऑफ द मैच

अन्नू चपनां (23 गेंदो में 41 रन), डीके (29 गेंदों में 26 रन), सलिल (26 गेंदों में 37 रन) ने आक्रमक पारियां खेलीं और टीम को विजयी लक्ष्य तक पहुंचाने का काम किया, लेकिन अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर क्रांति भी पवेलियन वापस लौट गए. इसी के साथ 12 रन के कम अंतर से एयरफोर्स की टीम को पराजय का सामना करना पड़ा. आर्मी मस्टेलियंस के गेंदबाज धीरेंद्र यादव (3 विकेट), माधव गुप्ता, शुभ अग्रवाल और विवेक पुरी (2-2 विकेट) ने एयरफोर्स के बल्लेबाजों को जमने नहीं दिया. आल राउंडर प्रदर्शन करने वाले आर्मी मस्टेलियंस के धीरेंद्र यादव को मैन आफ द मैच चुना गया.

शिविर लगा जरूरतमंदों को पहुंचाया लाभ

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 April): श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया. पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों ने इसके तहत अन्नपूर्णा योजना और विधवा पेंशन योजना के साथ मेडिकल संबंधी फार्मों का रजिस्ट्रेशन कराया गया. शिविर की अध्यक्षता समिति के संरक्षक गुलशन आनंद ने बताया कि पंजाबी महासभा समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए इस तरह के शिविर लगाती रहती है. जिसका मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है. कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष संजय आनंद, देवराज चंडोक राजीव साहनी, मीडिया प्रभारी अमित अरोड़ा, नितिन भाटिया, राजेश बडेरा, संजीव गुलाटी, विक्रम शर्मा, सतीश कातिब मम्मा, कमल अरोरा, रंजीत सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे.